दिन—शनिवार                                                    दिनांक— 13 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।                                    अवधि— 15 मिनट

---

01. रूपौली विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय शंकर सिंह को मिली जीत। जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल दूसरे और राजद की बीमा भारती तीसरे स्थान पर रहीं।

02. गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां उफान पर। नए इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

03. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, गोपालगंज, औरंगाबाद और समस्तीपुर समेत आठ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

04. और, भारत पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन—वेव्स की मेजबानी करेगा। मीडिया और मनोरंजन उद्योग में खुलेंगे रोजगार के नए द्वार।

——————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय शंकर सिंह को जीत मिली है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल को आठ हजार दो सौ छियालीस मतों के अंतर से पराजित किया। राजद की बीमा भारती तीसरे स्थान पर रहीं। और ब्योरे के साथ हैं हमारे संवाददाता——

———बाईट———

रूपौली विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय जीत हासिल करने वाले शंकर सिंह को कुल अड़सठ हजार सत्तर मत प्राप्त हुए। वहीं, जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल को उनसठ हजार आठ सौ चौबीस और राजद की बीमा भारती को तीस हजार छह सौ उन्नीस मत प्राप्त हुए। शंकर सिंह वर्ष दो हजार पांच में लोजपा के टिकट पर रूपौली से विधायक चुने गये थे। वहीं, वर्ष दो हजार दस, दो हजार पंद्रह और दो हजार बीस के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने अपनी किस्मत आजमायी थी, लेकिन उन्हें जीत नहीं मिल सकी थी। रूपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव बीमा भारती के त्यागपत्र देने के बाद कराया गया था। उन्होंने राजद के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अपनी विधानसभा सीट छोड दी थी। बीमा भारती को लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा उपचुनाव में भी हार का सामना करना पड़ा। पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव ने बीमा भारती को समर्थन देने की घोषणा की थी। लकिन इसका कोई प्रभाव चुनाव परिणामों में नहीं दिखा। आकाशवाणी समाचार के लिए पूर्णियां से होमी चंदन।

——————————————————

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के परिणाम समाने आने के बाद राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी तेज हो गयी है। जदयू प्रवक्ता अभिषेक झा ने कहा कि चुनाव में हार—जीत लगी रहती है। पार्टी हार के कारणों की समीक्षा करेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि रूपौली विधानसभा उपचुनाव में

जदयू उम्मीदवार के हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी। इस बीच, राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि रूपौली विधानसभा सीट पर जदयू उम्मीदवार की हार से एनडीए के भीतर का अंर्तकलह सतह पर आ गया है। इधर, पूर्णियां के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि रूपौली विधानसभा उपचुनाव में जनता ने जदयू और राजद को नकार दिया है।

————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते घाघरा, गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां उफान पर है। जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी की प्रवृति बनी हुयी है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बराज से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण नए इलाके बाढ़ की चपेट में आ रहे हैं। पश्चिम चंपारण जिले का योगापट्टी प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। पूर्वी चंपारण और गोपालगंज जिले में भी गंडक नदी तबाही मचा रही है। इधर, सीतामढ़ी से हमारे संवाददाता ने बताया कि बागमती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

———बाईट———

सीतामढ़ी जिले में बागमती के साथ—साथ रातो, झीम, लखनदेई, जंघा, आक्सी, दरही और बांके नदी उफान पर है। रातो नदी का पानी सुरसंड प्रखंड क्षेत्र के श्रीखंडी भिट्ठा सहित दीवारी मतौना और सिमियाही गांव में प्रवेश कर चुका है। बांके नदी वीरता गांव में लगातार कटाव कर रही है। इधर, जिले के भिट्ठामोड़— चोरौत एनएच पर दो से तीन फीट पानी का बहाव हो रहा है। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है। सोनवर्षा में भारत—नेपाल सीमा सड़क पर भी तीन फुट तक पानी का बहाव हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीतामढ़ी से राजेश कुमार।

दरंभगा में कमलाबलान नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ब्योरे के साथ हैं हमारे संवाददाता——

———बाईट———

दरभंगा में कमलाबलान नदी का जलस्तर बढ़ने से कुशेश्वर स्थान पूर्वी प्रखंड की इटहर पंचायत के सभी सात गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। बाढ़ से लगभग दस हजार की आबादी प्रभावित हुयी है। सरकारी विद्यालयों में पानी घुसने से पठन—पाठन प्रभावित हुआ है। वहीं, खेतों में लगी फसल की भी बड़े पैमाने पर क्षति हुयी है। अंचलाधिकारी गोपाल पासवान ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के आवागमन के लिए पच्चीस नाव उपलब्ध कराई गयी है। बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामाग्री का भी वितरण किया जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए दरभंगा से मणिकांत झा।

मधुबनी जिले में कोसी, कमला बलान और भूतही बलान नदी की बाढ़ से लगभग एक लाख की आबादी प्रभावित है। शिवहर जिले में बागमती और लालबकैया नदी में उफान के कारण कई निचले इलाकें बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। सहरसा जिले में

कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से जगह–जगह कटाव हो रहा है। कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। एक रिपोर्ट––

–––बाईट–––

कोसी नदी में आई बाढ़ के कारण महिषी अंचल क्षेत्र के तटबंध के अंदर स्थित एना पंचायत की एना–मंगरौनी आरडब्लूडी सड़क पंद्रह फीट में क्षतिग्रस्त हो गयी है। इससे आस–पास के गांव का सड़क संपर्क भंग हो गया है। वहीं, नवहट्टा की हाटी पंचायत के देवका से कटियाही जाने वाली सड़क और पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो गयी है। इधर, तटबंध के अंदर बसे गांव में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है। आकाशवाणी समाचार के लिए सहरसा से आरती कुमारी।

सुपौल जिले में भी बाढ़ की स्थिति जस की तस बनी हुयी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि छातापुर प्रखंड में सुरसंड नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से सैंकड़ों एकड़ जमीन में लगी फसल क्षतिग्रस्त हो गयी है। इधर, मधेपुरा जिले में कोसी नदी ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। कई निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। एक रिपोर्ट––

–––बाईट–––

मधेपुरा जिले के आलमनगर प्रखंड क्षेत्र के किशनपुर रतवारा, खापुर और गंगापुर पंचायत के कई गांव पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। अंचलाधिकारी दिव्या कुमारी ने बताया कि बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उन्होंने बताया कि तीन जगहों पर नाव परिचालन की व्यवस्था की गयी है। इधर, चौसा प्रखंड के पांच पंचायतों में कोसी नदी का पानी फैल गया है। इससे लगभग पच्चीस हजार की आबादी प्रभावित हुयी है। सड़कों पर पानी आ जाने से आवागमन भी बाधित हुआ है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधेपुरा से मनीष कुमार वत्स।

भागलपुर जिले में भी कोसी और गंगा नदी के जलस्तर में हो रहे बढ़ोतरी से निचले इलाकों पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

––––––––––––––––––––––––––––

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश में लगातार बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा में सबसे अधिक एक सौ चालीस दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, रोहतास, औरंगाबाद और समस्तीपुर जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––

रोहतास के कैमूर की पहाड़ी पर मां तुतला भवानी धाम स्थित जलप्रपात में कल अचानक आई बाढ़ में फंसे सभी छह सैलानियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। वन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी सैलानियों को सुरक्षित निकाला।

——————————————————

भारत इस वर्ष बीस से चौबीस नवंबर तक गोवा में पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन – वेव्स की मेजबानी करेगा। आज दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वेव्स भारत के मनोरंजन उद्योग के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि मीडिया और मनोरंजन उद्योग में अधिक नौकरियां पैदा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि मीडिया और मनोरंजन जगत संरचनात्मक बदलाव के दौर से गुजर रहा है और आज यह क्षेत्र पच्चीस लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहा है।

———बाईट———

——————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इन अदालतों में दीवानी मामलों के साथ–साथ कुछ प्रकार के फौजदारी मामले बैंक ऋण विवाद, बिजली बिल, टेलीफोन बिल, मोटरयान दुर्घटना और वैवाहिक विवाद से संबंधित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निष्पादन हुआ। बक्सर में लगभग तीन हजार वादों का निष्पादन हुआ। वहीं, औरंगाबाद में एक हजार सात सौ दो, शेखपुरा में पांच सौ उनहत्तर और जहानाबाद में दो सौ पैंसठ मामलों का निपटारा किया गया।

——————————————————

शिक्षा विभाग ने कहा है कि ई–शिक्षा कोष ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले शिक्षकों का वेतन रोक दिया जाएगा। विभाग ने पोर्टल पर ऑनलाइन उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों की रिपोर्ट सभी जिलों से मांगी है। विभागीय सूत्रों ने बताया कि उन्हीं शिक्षकों के जुलाई महीने के वेतन भुगतान की अनुशंसा की जाएगी, जिनकी ऑनलाइन उपस्थिति पोर्टल पर दर्ज होगी।

——————————————————

भारतीय रेल यातायात सेवा के वरिष्ठ अधिकारी छत्रसाल सिंह पूर्व मध्य रेलवे के नए महाप्रबंधक बनाये गये हैं। उन्होंने आज अपना कार्यभार संभाल लिया।

———————————————————

नीट पेपर लीक मामले में बिहार पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये सभी तेरह आरोपियों को सीबीआई ने रिमांड पर ले लिया है। कल पटना उच्च न्यायालय ने इन सभी को पन्द्रह दिनों की सीबीआई रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया था।

———————————————————

खगड़िया जिले की डिजिटल इंटेलिजेंस यूनिट और एसटीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में पचास हजार रूपये के इनामी अपराधी सूर्य प्रताप सिंह को मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————

सारण जिले के कोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोचन मंदिर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने चार महिलाओं को कुचल डाला। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं।

———————————————————

मुंगेर में अपराधियों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि एक मृतक का आपराधिक इतिहास था। मामले की जांच जारी है।

———————————————————

पटना के दानापुर में अपराधियों ने एक बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान गोली मारकर दो लोगों की हत्या कर दी। मृतकों की पहचान दुल्हा के भाई और बहनोई के रूप में हुयी है। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————

अररिया जिले के मटियारी से एसएसबी और पुलिस की टीम ने सत्तर किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. रूपौली विधानसभा उपचुनाव में निर्दलीय शंकर सिंह को मिली जीत। जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल दूसरे और राजद की बीमा भारती तीसरे स्थान पर रहीं।

02. गंडक, बागमती, कमलाबलान, कोसी, महानंदा और अधवारा समूह की नदियां उफान पर। नए इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

03. मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, गोपालगंज, औरंगाबाद और समस्तीपुर समेत आठ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

04. और, भारत पहले विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन—वेव्स की मेजबानी करेगा। मीडिया और मनोरंजन उद्योग में खुलेंगे रोजगार के नए द्वार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।